हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 7 मई 2026

04 बिना अनुमति देर रात तक गूंज रहा शोर प्रशासन...



07 हवा में आयुक्त के निर्देश, मदिरा दुकानों पर नहीं...






## खबर संक्षेप

### यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने उमेश यादव



सीहोर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की सहमति से सीहोर के वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट उमेश यादव को अखिल भारतीय यादव महासभा द्वारा म.प्र.यादव महासभा के अध्यक्ष बनाये जाने पर म.प्र.सहित सीहोर जिले के यादव समाज में खुशी की लहर है। ज्ञातव्य है कि उमेश यादव शुरु से ही समाजहित में अपनी अहम भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में सीहोर में जन्माष्टमी चल समारोह की शुरुआत हुई। चल समारोह में श्री यादव द्वारा मुख्य भूमिका निभाने में स्व.किशनलाल यादव, घनश्याम यादव, स्व.मटरू यादव, स्व.अशोक यादव, बाबूलाल यादव, आनन्द यादव एडवोकेट का सराहनीय योगदान रहा। समाज के प्रति उनकी इसी सेवा भावना को दृष्टिगत रखते हुए उमेश यादव को प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जिससे यदव समाज को एक जुट कर समाजहित में अनेक बड़े कार्य कराने का मौका मिला है। श्री यादव को बधाई एवं शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से घनश्याम यादव, एडवोकेट आनन्द यादव, महेश यादव, सीताराम यादव, दीपक यादव, धर्मेन्द्र यादव, राहुल यादव, कैलाश यादव, रामसिंह यादव, ओम यादव, घनश्याम यादव, कैलाश यादव, तारा यादव, जगदीश यादव, विनोद यादव, भूरा यादव, सन्नी यादव, रमेश यादव, चन्द्र प्रकाश यादव, गेंदा यादव, प्रदुमन यादव, रामभरोस यादव सहित यादव समाज के सभी वरिष्ठजनों एवं शहर के नागरिकगणों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की है।

### आठ मई को यज्ञ का किया जाएगा समापन

**सीहोर**। हवन यज्ञ करने से आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ वातावरण की भी शुद्धि होती है। हवन का धुंआ वातावरण की अशुद्धियों को नष्ट कर देता है। साथ ही हानिकारक कीटों को भी मार देता है। उक्त विचार शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी स्थित मंदिर में जारी श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन यज्ञाचार्य पंडित सतीश तिवारी ने कहे। उन्होंने कहाकि कालोनी परिवार के द्वारा महोत्सव के अंतर्गत श्री लघु रुद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम जहां योग के माध्यम से होता है तो वहीं तन मन के साथ वातावरण को भी शुद्ध रखने का काम यज्ञ करता है। यज्ञ में दी जाने वाली आहूतियों से प्रज्वलित अग्नि और निकलने वाला धुंआ पूरे वातावरण को शुद्ध रखता है। हमें नियमित योग के साथ समय समय पर घर में पूजा अर्चना के साथ हवन पाठ भी करना चाहिए।

## गेहूं खरीदी का संकट: लंबी कतारों में खड़े किसान पसीने से हो रहे तर-बतर

# रात 10 बजे तक कटेगी पर्ची, सीएम के तेवरों के बाद हरकत में आया प्रशासन

सीएम मोहन यादव प्रदेश के अलग-अलग केंद्रों पर बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचकर जायजा ले रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की प्रक्रिया अब किसानों के लिए अग्निपरीक्षा बनती जा रही है। बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी के सायलों केंद्र पर जो नजारा दिखा, उसने व्यवस्थाओं के दावों की पोल खोल दी। ट्रैक्टर-ट्रालियों की एक किलोमीटर से भी लंबी लाइन और चिलचिलाती धूप में अपनी बारी का इंतजार करते किसानों का सब्र अब जवाब दे रहा है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के औचक निरीक्षण की चेतावनी ने प्रशासनिक गलियारों में हडक़ंप मचा रखा है।

बता दें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गेहूं उपार्जन केंद्रों की स्थिति को लेकर बेहद गंभीर हैं। वे लगातार प्रदेश के अलग-अलग केंद्रों पर बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचकर जायजा ले रहे हैं। सीएम ने साफ चेतावनी दे रखी है कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी हुई या तौल में गड़बड़ी मिली तो जिम्मेदार अधिकारियों पर सीधी गाज गिरेगी। इसी सरप्राइज विजिट के डर और बढ़ते दबाव के चलते जिला प्रशासन ने आनन-फानन में तौल पर्ची काटने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक कर दिया है।

### भीषण गर्मी और लंबी कतारें

बुधवार को मुख्यालय स्थित सायलों केंद्रों पर ट्रेक्अर ट्रालियों की एक किलोमीटर लंबी लाइन नजर आई किसानों ने चर्चा के दौरान बताया कि एक दिन पहले यानि मंगलवार को ही वे यहां आ गए थे और तब से ही कतार में लगे हैं। 24 घंटे बीतने के बाद भी उनका नंबर नहीं आ पा रहा है। खुले आसमान के नीचे ख? किसान पसीने से तर-बतर हैं। किसानों का कहना है कि प्रशासन ने समय तो बढ़ा दिया है, लेकिन तौल की रफ्तार और बढ़ानी होगी।

### लापरवाही पर होगी सीधी कार्रवाई

व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर जमील खान को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा है कि बारदाने की कमी या सर्वर डाउन होने का बहाना अब नहीं चलेगा। हर केंद्र पर 7 दिन का बारदाना एडवांस रखने और तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 करने के आदेश दिए गए हैं। सर्वर की क्षमता भी बढ़ा दी गई है ताकि किसानों को घंटों पोर्टल के चलने का इंतजार न करना पड़े।

### जिले में उपार्जन की स्थिति


कुल खरीदी: 63 हजार किसानों से 4 लाख मीट्रिक टन। भुगतान की स्थिति: 1045 करोड़ की खरीदी में से 460 करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंचे। पंजीकरण: 1.02 लाख किसानों में से 92 हजार ने स्लॉट बुक कराया है। सख्ती: 240 केंद्रों पर नजर रखने के लिए विशेष टीमें तैनात। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि गेहूं केवल एफएक्यू मापदंड के अनुसार ही खरीदा जाएगा। केंद्रों पर पंखे और सफाई के उपकरण अनिवार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री के सख्त रुख को देखते हुए जिला प्रशासन अब नो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है। कलेक्टर ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी केंद्र पर किसानों के लिए पानी, छाया या अन्य मूलभूत सुविधाओं में कमी मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। केंद्रों पर आने वाले किसानों को परेशान नहीं होने दिया जाए।

# जिला अस्पताल का फरमान: अब कुत्ता काटे तो पहले आयुष्मान कार्ड दिखाओ

## तभी लगेगा रेबीज का इंजेक्शन

मरीज से डॉक्टर ने कहा पहले कार्ड बनवाओ फिर इलाज होगा, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला अस्पताल प्रबंधन अपने एक हास्यप्रद निर्णय को लेकर चर्चा में है। अस्पताल में कुत्ता काटने (डॉग बाइट) के बाद इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को अब दर्द से राहत मिलने के बजाय कागजी औपचारिकताओं का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने फरमान सुनाया है कि रेबीज का इंजेक्शन तभी लगेगा जब मरीज के पास आयुष्मान कार्ड होगा।

बता दें बुधवार को श्वान के काटने पर अस्पताल पहुंचे एक मरीज को उस वक्त गहरा झटका लगा, जब ड्यूटी डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन लगाने से साफ इनकार कर दिया। डॉक्टर का दो टूक कहना था कि पहले आयुष्मान कार्ड बनवाइए, उसके बाद ही रेबीज का इंजेक्शन लग सकेगा। अब सवाल यह उठता है कि क्या कुत्ता कार्ड देखकर काटता है या क्या रेबीज जैसा जानलेवा संक्रमण कार्ड बनने तक रुका रहेगा। अस्पताल प्रबंधन का यह रवैया न केवल संवेदनहीन है, बल्कि गरीब मरीजों के जीवन के साथ सीधा खिलवाड़ है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को अवहेलना

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि स्कूल, अस्पताल और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों को आवारा कुत्तों से मुक्त रखा जाए। पकड़े गए कुत्तों को शेल्टर होम में भेजने के आदेश थे। लेकिन सीहोर में स्थिति इसके उलट है। जिला मुख्यालय सहित जिले में कहीं भी कुत्तों को पकडऩे या नसबंदी करने की मुहिम नहीं दिख रही है। शहर का चाणक्यपुरी क्षेत्र हो या बस स्टैंडए हर जगह कुत्तों के झुंड बच्चों और बुजुर्गों के पीछे दौड़ते नजर आते हैं। कोचिंग जाने वाले मासूम बच्चे आवारा कुत्तों के खौफ में जीने को मजबूर हैं।

### हर दिन 30 शिकार, महीने में 900 मामले

जिले में आवारा कुत्तों के आतंक का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर महीने औसत 800 से 900 डॉग बाइट के मामले सामने आ रहे हैं। यानी हर दिन करीब 25 से 30 लोग इन कुत्तों का शिकार बन रहे हैं। बावजूद इसके नगर पालिका-नगर परिषदों द्वारा शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे हैं। अभिभावकों को सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ते समय हर पल डर लगा रहता है कि कहीं कोई झुंड उनके बच्चे पर हमला न कर दे।

### कड़ी सजा का प्रावधान

बता दें भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 291 के तहत यदि कोई पालतू पशु किसी को चोट पहुंचाता है तो मालिक को 6 महीने की कैद या 5 हजार रुपये जुर्माना हो सकता है। वहीं यदि हमला जानबूझकर कराया गया हो तो धारा 109 और 115 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है।

# 31 करोड़ 22 लाख से बनाई जाएगी 41 किलोमीटर की 16 ग्रामीण सड़कें

## विधायक सुदेश राय ने स्वीकृत कराया निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



केंद्र सरकार से विधायक सुदेश राय ने सड़के स्वीकृत करा ली है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़कों का निर्माण होगा। विधायक सुदेश राय ने ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है। क्षेत्र के 30 गांव इस योजना से जुडेंगे। निर्माण पर 31करोड़ 22 लाख रूपये खर्च होगा। कुल 16 ग्रामीण सड़के बनाई जाएगी। यह सड़के कुल 41किलोमीटर लम्बी होंगी। क्षेत्र के विकास को लेकर सक्रिय विधायक सुदेश राय की विशेष अनुशंसा पर केंद्रीय ग्रामीण विकास किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि सड़क निर्माण से गांवों का संपर्क बढेगा।

ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। आवागमन सुलभ होगा। कृषि कार्यो में आसानी होगी। कृषि व्यापार भी बढेगा। किसानों की आमदनी में भी इजाफा होगा। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाऐं भी मिलेंगी। किसानों की सीधी पहुंच मंडी तक होगी। सड़क स्वीकृति से ग्रामीणों की मांग पुरी हुई है। यह सड़के मुहाली से टिकली बंजारी,हथियाखेड़ा से बुगलीवाली, रावनखेड़ा से पानबिहार रोड से पठार, सेमरादांगी से छेवटा मोहल्ला, सिराडी से मानाटोला, सोंठी से पुरा, श्यामपुर से बिछिया रोड, अचारपुरा तक,पाटन से आमखजूर, चांदबड़ से मगरखेडा रोड पतलोन तक, गोपालपुरा से राम नगर, बरखेड़ी दोराहा से हरिपुरा, मुंडलाकलां से खारचा बस्ती, दोराहा खाईखेड़ा रोड राम नगर कॉलोनी तक, मुरख्तारनगर नगर से पहिया टोला,अहमदपुर से पारासोन रोड झिरी गुर्जर मोहल्ले तक बनाई जाएंगी।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में आरएसआई ने मिनी बाइज को 1-0 से हराया



**सीहोर**। शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में शाम को आरएसआई टीम ने सीहोर मिनी बाइज टीम को 1-0 से हराया। इसके अलावा यहां पर निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में करीब 100 से अधिक बच्चों ने अभ्यास किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत एक तरफा मुकाबला खेला गया था। इसमें आरएसआई ने सीहोर मिनी को 1-0 से हराया। इसमें आरएसआई टीम की ओर से सार्थक ने एक मात्र गोल किया।

# टीम यामनी ने अंजली टीम को 48 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान विमला देवी इंटर हाउस जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बुधवार को टीम यामनी ने टीम अंजली को 48 रन के अंतर से हराया। इस मैच में टीम यामनी की ओर से आर्थव व्यास ने 36 रन और शिवांश ने चार विकेट हासिल किए। सुबह खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम यामनी ने 19.1 ओवर में दस विकेट खोकर 124 रन बनाए थे। इसमें आर्थव शर्मा ने 12 रन, आर्थव व्यास ने 36 रन, आयन खान ने 11 रन, जयप्रकाश वर्मा ने 17 रन की पारी खेली। वहीं प्रज्जवल गौर, ध्रुव अग्रवाल और दक्ष अग्रवाल ने दो-दो विकेट, अनंत मेवाड़ा ने तीन विकेट और नमन पटेल ने एक विकेट हासिल किया।

### 76 रन ही बना सकी अंजली इलेवन टीम

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम अंजली इलेवन 14.5 ओवर में 76 रन पर सिमट गई। इसमें अनंत मेवाड़ा ने 11 रन और नीरज ने 15 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। वहीं टीम यामनी की ओर से गेंदबाजी करते हुए शिवांश ने 1.5 ओवर में 11 रन देकर चार विकेट, तनिष्क भार्गव ने 4 ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट और आयन खान-आयुष ने एक-एक विकेट हासिल किया।

# बिजली का तार चोरी करने वाले असामाजिक तत्वों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर वृत्त अंतर्गत दिवड़िया वितरण केंद्र में बिजली पोल गिराकर बुनियादी संरचना को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचाने और तार चोरी करने वाले अज्ञात असामाजिक तत्वों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि 04 मई 2026 की मध्य रात्रि को 33/11 केव्ही सतपिपलिया उपकेंद्र से निकलने वाली 11 केव्ही रतनपुर डीएलएफ लाइन पर ग्राम रामनगर से मोलगा के बीच असामाजिक तत्वों द्वारा 18 विद्युत खंभों को क्षतिग्रस्त कर धराशायी कर दिया गया और लगभग 5 किलोमीटर लंबी 11 केव्ही लाइन के तार चोरी कर लिए गए जिसके कारण ग्राम हालियाखेड़ी और मोलगा की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल कार्यवाही करते हुए इछावर थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना इछावर द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश विद्युत अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घटना के बाद सुधार कार्य के लिए तत्काल प्राक्कलन स्वीकृत कर एसटीसी संभाग सीहोर को कार्यादेश जारी कर मौके पर मरम्मत का कार्य य़ुद्ध स्तर पर किया जा रहा है। विद्युत वितरण कंपनी ने इस घटना के विरूद्ध अपील की है कि विद्युत अधोसंरचना राष्ट्र की संपत्ति है और इसे नुकसान पहुँचाना न केवल कानूनी अपराध है।

## श्री राधेश्याम विहार कॉलोनी में आज किया जाएगा भजन संध्या का आयोजन

# प्राचीनकाल से भारत सनातन राष्ट्र: माधवदास महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम, विश्व कल्याण की भावना, यही हिन्दुत्व, यही सनातन है। प्राचीनकाल से भारत सनातन राष्ट्र है। आने वाला समय भारत का है। इसके लिए हमारे कथा वाचक, मंदिरों के पुजारी, संत समाज मिलकर दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत बनाएंगे। पूरी दुनिया को लगने लगा है कि भारत दुनिया का नेतृत्व कर सकता है, इसलिए दुनिया भर की ताकतें भारत को कमजोर करना चाहती हैं। इसलिए जो कमियां हैं, उसे दूर करते हुए आगामी वर्षों में दुनिया को नेतृत्व दे सकने वाला भारत बनाना है। उक्त विचार शहर के मुगीसपुर स्थित श्री राधेश्याम विहार कालोनी जारी श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री लघु रुद्र महायज्ञ के दौरान प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के संत माधवदास ने यहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं से कहे। उन्होंने कहाकि कालोनी परिवार के द्वारा भगवान शिव का भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है, इसमें संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी और सभी पूरी आस्था और विश्वास के साथ धार्मिक कार्य कर रहे है। इससे हमारा सनातन धर्म मजबूत होगा। सामाजिक समरसता सनातन धर्म का प्राण तत्व है। छूआछूत सनातन धर्म के लिए कलंक है। यदि सबरी माता जैसी भक्ति हो तो परमात्मा सबको मिल सकते हैं। भगवान श्री राम ने सबरी का उद्धार कर सामाजिक समरसता का परिचय दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि गुरुवार को भगवान का दिव्य स्नान एवं शयनाधिवास के अलावा शाम को मां नर्मदा नव दुर्गा गणगौर मंडल के द्वारा भजनों के साथ नृत्य आदि की प्रस्तुति दी जाएगी। यहां पर नियमित रूप से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से शामिल होने की अपील की।

# मंदिर की भूमि से हटा अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मामले की याद दिलाने वाला एक अत्यंत रोचक और चर्चित मामला सीहोर में सामने आया है। यहाँ ग्राम बड़नगर स्थित श्रीराम जानकी अधिकारी मंदिर बढ़यिाखेड़ी की बेशकीमती भूमि को प्रशासन ने अवैध कब्जे से मुक्त कराकर मंदिर प्रबंधन को सौंप दिया है। इस मामले की सबसे विशेष बात यह है कि देश के दूसरे सबसे चर्चित मामले के रूप में यहाँ स्वयं भगवान श्रीराम मुख्य अपीलकर्ता थे। श्रीराम जानकी अधिकारी मंदिर के व्यवस्थापक महंत हरिदास गुरु गोपालदास ने बताया कि यह कानूनी विवाद पिछले करीब कई वर्षों से न्यायालय में चल रहा था। मंदिर की ज़मीन पर कुछ लोगों ने लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं भगवान श्रीराम की ओर से न्याय की गुहार लगाई गई थी। माननीय न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर भगवान श्रीराम के पक्ष में फैसला सुनाते हुए धारा २५० के अंतर्गत जमीन को कब्जा मुक्त करने के आदेश जारी किए थे। न्यायालय के आदेश के परिपालन में बुधवार, ६ मई को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुँची। आरआई धीरेंद्र वर्मा, पटवारी श्रीमती बबीता जैन एवं तहसील के अन्य कर्मचारियों ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से जमीन की सटीक नपती की। इस पूरी कार्यवाही के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थाना कोतवाली का पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रशासनिक औपचारिकताओं के बाद मौके पर ही जमीन का भौतिक कब्जा मंदिर के व्यवस्थापक महंत श्री हरिदास को सौंप दिया गया। यहॉ महंत रूपकिशोर दास भीलखेड़ा कालापीपल वाले, आचार्य पंडित संतोष भारद्वाज पीताम्बरा शक्ति मंदिर, महेन्द्र राय सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण भी मौजूद थे। वर्षों पुराने इस विवाद के सुखद अंत और श्रीराम जी के पक्ष में न्याय होने पर श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है।

## खबर संक्षेप



### हीरापुर में भंडारे का आयोजन कल

**सीहोर।** ग्राम हीरापुर में सप्तदिवसीय श्रीराम मंदिर व रूद्र भगवान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आचार्य पंडित ओमप्रकाश शर्मा, कथावाचक पंडित ब्रजेंद्र व्यास,यज्ञ आचार्य पंडित अनिल शर्मा,पंडित प्रशांत तिवारी, पंडित प्रकाश शर्मा, पंडित कपिल शर्मा, पंडित जगदीश शर्मा, पंडित मनोज शर्मा, पंडित हरिओम शर्मा, पंडित सुनील शर्मा पंडित ब्रजेंस शर्मा व अन्य विप्रजनों, संतजनों की उपस्थिति में वेद मन्त्र उच्चारित्र कर कल शुक्रवार को श्रीराम दरवार व भगवान रूद्र की प्रीतिमाओ की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। बूधवार को यजमानों ने सपत्नीक यज्ञ कुंड में आहुति डालकर क्षेत्र में सुख समृद्धि व विश्व कल्याण की कामना की। यज्ञ स्थल पर श्रीगणेश पूजन, देवता पूजन, हवन कर्म आदि यज्ञ कर्म किए गए। श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत श्रीमद् भागवत प्रवक्ता आचार्य पंडित ब्रजेंद्र व्यास ने श्रीमद् भागवत कथा के दौरान जीवन चक्र के विषय मे बतलाया। कथावाचक पंडित बृजेंद्र व्यास ने कहा कि इस कलयुग में इस समय चक्र के दो पहिए है इन समय चक्र को सुख और दुख के नाम से जाना जाता है मनुष्य के जीवन में सुख और दुख बारी-बारी से आते हैं मनुष्य को हर परिस्थिति में प्रभु के नाम का स्मरण करना चाहिए।

## डीजे की धुन के आगे नियम बेअसर, न्यायालय के आदेशों की हो रही अवहेलना

# बिना अनुमति देर रात तक गूंज रहा शोर प्रशासन की लापरवाही से बढ़ा जनआक्रोश

ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों और न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद बिना अनुमति और निर्धारित समय सीमा के बाद भी डीजे धड़ल्ले से बजाए जा रहे हैं। हालात यह हैं कि रात 10 बजे के बाद भी लाउडस्पीकर और डीजे पूरी रात गूंजते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों डीजे की तेज आवाज ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों और न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद बिना अनुमति और निर्धारित समय सीमा के बाद भी डीजे धड़ल्ले से बजाए जा रहे हैं। हालात यह हैं कि रात 10 बजे के बाद भी लाउडस्पीकर और डीजे पूरी रात गूंजते रहते हैं, जिससे आम नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है। नियमों के अनुसार, रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर या डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके साथ ही ध्वनि की अधिकतम सीमा भी तय की गई है, जिसका उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद भैरूंदा क्षेत्र में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मंगलवार देर रात स्थिति तब और बिगड़ गई, जब नगर के प्रमुख इंदौर मार्ग पर एक साथ आधा दर्जन बारातें निकलीं। हर बारात में तेज आवाज वाले डीजे बजाए जा रहे थे। कई डीजे एक साथ बजने से पूरा क्षेत्र कर्कश ध्वनि से गूंज उठा। आसपास के रहवासी शोर से परेशान होकर घरों में भी चैन से नहीं बैठ पाए। बुजुर्ग, मरीज और छोटे बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई। मैरिज गार्डनों में पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण मेहमानों, बारातियों ने अपने वाहन सड़क किनारे आड़े-तिरछे खड़े कर दिए। इससे मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गया और कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। यहां तक कि एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को भी निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ा, जो प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही है। कई बार शिकायतों के बावजूद न तो पुलिस ने सख्ती दिखाई और न ही प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया। अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सामने से भी तेज आवाज में डीजे गुजरते हैं, जिससे मरीजों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी होती है। ध्वनि प्रदूषण नियम, 2000 के तहत स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं, वहीं न्यायालय ने भी समय-समय पर सख्त आदेश जारी किए हैं कि ध्वनि सीमा का उल्लंघन और रात्रि में डीजे बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है, जो प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करता है। बढ़ते आक्रोश के बीच अब नागरिकों ने न्यायालय की शरण लेने का मन बना लिया है। साथ ही प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर डीजे पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। अब बड़ा सवाल यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे और कानून का पालन सुनिश्चित करेंगे, या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन हरकत में आएगा।

### की जा रही लगातार कार्रवाई

डीजे पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पार्किंग व्यवस्था को लेकर मैरिज गार्डन, शादीहाल के संचालकों के साथ एसडीओपी रोशन कुमार जैन के द्वारा बैठक की गई थी सभी को पार्किंग व्यवस्था बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जानकारी मिलने पर डीजे बजाने वाले पर कार्रवाई की जाएंगी।

**घनश्याम दांगी,** थाना प्रभारी भैरूंदा

# ग्राम महुआखेड़ी में निकाली जाएगी आज शिव बारात



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम महुआखेड़ी में सात दिवसीय विशाल एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को महोत्सव के अंतर्गत हवन-पूजन एवं घृताधिवास के अलावा अन्य दिव्य अनुष्ठान यज्ञ संचालक 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में किए गए। इस मौके पर मुख्य यजमान सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि तकीपुर में शिव मंदिर सभी के सहयोग से पूर्ण किया गया है। जिसका प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव किया जा रहा है। गुरुवार को भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। इसके अलावा हवन पूजन, कथा, महाभिषेक और रामलीला का आयोजन किया जाएगा। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर रामायण प्रचारक रामलीला मंडल के द्वारा यहां पर भगवान श्रीराम की लीलाओं का वर्णन और मंचन किया जा रहा है। रात्रि को रामलीला मंचन के दौरान भगवान राम द्वारा शिव धनुष तोड़ने और माता सीता द्वारा उन्हें वरमाला पहनाने की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण और परशुराम संवाद की लीला भी प्रस्तुत की गई, जिसने ग्राम महुआखेड़ी सहित आस-पास दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला मंचन से पूर्व, भगवान राम अपने गुरु विश्वामित्र और अनुज भ्राता लक्ष्मण के साथ रथ पर सवार होकर पहुंचे। एक अन्य रथ में माता जानकी अपनी सखियों के साथ थीं। रास्ते में श्रद्धालुओं ने भगवान राम और माता जानकी की आरती उतारी। माता जानकी अपनी सखियों के साथ पुष्प वाटिका में गौरी पूजन के लिए गई थीं। इसी बीच, राजा जनक ने घोषणा की थी कि जो भी शिव धनुष को तोड़ेगा, उसी से माता जानकी का विवाह होगा।

### काव्या वर्मा का मध्य प्रदेश कैंप के लिए हुआ चयन

**सीहोर।** शहर की एकलव्य क्रिकेट अकादमी की खिलाड़ी काव्या वर्मा का चयन मध्य प्रदेश अंडर-15 गर्ल्स कैंप के लिए हुआ है। उनका चयन प्रदेशभर से चुनी गई 30 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में किया गया है। यह कैंप 10 मई से 16 मई तक मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, इंदौर में आयोजित किया जाएगा, जहां खिलाड़ियों को चंद्रकांत पंडित के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार प्रदेश के 10 संभागों से लगभग 450 बालिकाओं ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया था, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इनमें सीहोर की एकलव्य क्रिकेट अकादमी से काव्या वर्मा का चयन होना गर्व का विषय है।

# जनगणना के महाअभियान में स्कूली बच्चों की भागीदारी, कला के माध्यम से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



देश में प्रस्तावित जनगणना 2027 को लेकर जहां प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं, वहीं अब स्कूली बच्चे भी इस महाअभियान में अपनी रचनात्मक भागीदारी निभाते नजर आ रहे हैं। भैरूंदा तहसील के शासकीय हाई स्कूल खरासनिया के विद्यार्थियों ने समर क्लास के दौरान कला गतिविधियों के जरिए जनगणना के प्रति जागरूकता फैलाने की अनूठी पहल की है, जो स्थानीय स्तर पर सराहना का विषय बनी हुई है।विद्यालय में 1 मई से संचालित समर क्लास में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में बच्चों ने जनगणना की प्रक्रिया को समझते हुए "सेंसस हाउस" का मॉडल तैयार किया और अपने गांव का नजरी नक्शा बनाकर उसमें घरों, मार्गों और प्रमुख स्थलों का सूक्ष्म चित्रण किया।

इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने न केवल अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण विषय को भी सहजता से समझा।विद्यार्थियों ने "जनगणना से जन कल्याण" जैसे प्रेरक नारों का आकर्षक लेखन कर कैलीग्राफी की बारीकियां भी सीखी। यह अभ्यास उनकी लेखन शैली को सुधारने के साथ-साथ रचनात्मक सोच को भी विकसित कर रहा है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे कला के साथ सामाजिक सरोकारों को भी समझ रहे हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है।विद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं और उन्हें देशहित के कार्यों से जोड़ती हैं। बच्चों द्वारा तैयार किए गए नक्शों और सेंसस हाउस की सराहना जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा भी की गई है, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह दोगुना हो गया है।समर कैंप बना सीखने का सशक्त माध्यमखरासनिया शासकीय हाई स्कूल में आयोजित समर कैंप विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक नया और प्रभावी मंच बनकर उभरा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्व नियोजन के तहत कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि अवकाश के समय का सदुपयोग करते हुए बच्चों को रचनात्मक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जा सके।समर कैंप में खेलकूद, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही, बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।विद्यालय के शिक्षक संतोष धनवारे ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ नए कौशल सीखने का अवसर देना है। इससे बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है और वे अपनी रुचि के अनुसार गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर पाते हैं।इस पहल को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर यह प्रयास न केवल जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में भी एक सकारात्मक पहल के रूप में सामने आया है।

### वरिष्ठ अधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के भैरूंदा में 10 मई को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री बालागुरू के. और केंद्रीय कृषि मंत्री के निज सचिव श्री प्रवीण सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पहले ही पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आगमन, निर्गमन, पेयजल, बैरिकेडिंग, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, यातायात, बैठक व्यवस्था एवं साफ सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# ग्रामीणों का आरोपः नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना के लाभ से वंचित कर दिए 11 गांव, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सरकार की महत्वकांशी नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना का संचालन व निर्माण कार्य जिले में चार चरणो में प्रगतिशील है। लेकिन इछावर तहसील के ग्राम दुदलाई, दौलतपुर, रघुनाथपुरा, रूपडदी, रूपदाह, गाडिय़ा गोडी, खुर्द बावडिया, गोसाई, लाल्यखेड़ी, कुंडीकाल, हरासपुर के किसानों को इस योजना से वंचित कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों का आरोप है कि चार साल से परेशान है सभी स्तरों पर आवेदन निवेदन कर चुके है नतिजा जीरो ही रहा है नर्मदा पार्वंती लिंक परियोजना से जानबूझकर क्षेत्र के 11 गांवों को छोड दिया. गया है। किसानों ने मंगलवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम दिया डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। किसानों ने कहा कि असिंचित गाँवो में परम्परागत आजीविका के लिए खेती एवं पशुपालन करते है। इछावर तहसील में लाइन डालने का प्रवेश ही हमारे यहाँ से हुआ है पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 17 जुलाई 2018 को आष्टा में योजना के लिए भूमि पूजन किया था। उस समय नक्शे में फेथ 1-2 में हमारे सभी 11 गांव शामिल थे लेकिन अब हमारे गांवों को बाहर कर दिया गया है। वंचित किए गए गांवों को वापस योजना में छोडऩे के लिए नर्मदा भवन व विधायक करण सिंह वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों को मिलकर माँग कर चुके है अबतक मात्र झूठे आश्वासन ही मिले है। यही नहीं नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 25 नर्मदानगर जिला खंडवा पत्र क्रमांक 345/2022-23/80 13 जनवरी 2023 को स्कीम बनाकर भोपाल भेजी गई व एक प्रति किसानो को दी गई और हमे बताया गया की आपके 11 गाँवो को फेस 1-2 की जगह फेस 3-4 में जोड़ रहे है जबकि हमारे गांव फेस 1-2 की कमांड क्षेत्र में है। कहा गया था कि नर्मदा पार्वती के बजाय कॉलार से इन 11 गांवों को पानी देंगे यह भी झूठा आश्वासन ही साबित हुआ। सरकार द्वारा संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे एक ही माँग थी 11 गाँवो को नर्मदा पार्वती का पानी दिया जाए लेकिन मांग पूरी नहीं की गई।

### ऑनलाइन आवेदन कर बदल सकते हैं टैरिफ

**सीहोर।** अब बिजली उपभोक्ता आसानी से अपने विद्युत कनेक्शन का टैरिफ बदल सकते हैं। इसके लिए उन्हें बिजली कंपनी के दफ्तर में जाने की आवश्यकता नहीं है। अब मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को ऑनलाइन टैरिफ परिवर्तन का विकल्प उपलब्ध करा दिया गया है। इसके लिए उपभोक्ताओं को "सरल संयोजन पोर्टल" के माध्यम से आवेदन करना होगा। कंपनी की वेबसाइट पर उपभोक्ताओं के लिए सुविधा उपलब्ध है।

# लोक गायक टिपानिया की उपस्थिति में सम्मान समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




मालवा लोकगीत तथा कबीर लोक वाणी के प्रसिद्ध गायक पद्मश्री पहलादसिंह टिपानिया के अतिथि में आयोजित पुण्य स्मरण एवं सम्मान समारोह में सांप्रदायिक सौहार्द तथा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं डॉ मो अकबर सिद्दीकी को सद्भाव सम्मान प्रदान किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार क्षेत्रीय लोक गायक डॉ दशरथसिंह यादव द्वारा अपने दादा स्वर्गीय सेवाराम यादव, भाई महेश यादव तथा पुत्र कुणाल यादव की स्मृति में लोक संगीत एवं सम्मान समारोह का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे विभुतियों का सम्मान दीक्षा सोनू गुणवान जनपद अध्यक्ष आष्टा की अध्यक्षता तथा मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रहलादसिंह टिपानिया, विशेष अतिथि पद्मश्री कालूराम बामनिया, फूलसिंह मालवीय बाबूलाल जाटव सरपंच की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## प्रगणक ने पांच दिन में ही घर-घर जाकर पूरा कर दिया कार्य

# मकानों की गणना कर रहे प्रगणक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधनी तहसील के ग्रामीण चार्ज क्षेत्र में कार्यरत प्रगणक श्री दिनेश अहिरवार ने उत्कृष्ट कार्य कुशलता का परिचय देते हुए मात्र 05 दिनों में ही ग्राम जोनतला में मकान सूचीकरण का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर एक सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस प्रतिबद्धता, परिश्रम और कार्य के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए बुधनी तहसीलदार ललित सोनी द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रगणक दिनेश अहिरवार द्वारा जोनतला में कम समय में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति न केवल अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि यदि जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य किया जाए तो निर्धारित समयसीमा के भीतर उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य 01 मई से 30 मई तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य कर रहे हैं और निर्धारित प्रपत्रों में परिवारों की आवश्यक जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रगणकों को सही जानकारी दें और जनगणना में सहयोग करें। उन्होंने कहा है कि जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, संसाधनों के समुचित वितरण एवं विकास योजनाओं की बेहतर योजना निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस पर शिविर लगाकर किया 1149 बच्चों का टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 05 मई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 767 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 382 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 178 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### जिले की सभी 133 मदिरा दुकानों पर क्यूआर कोड चस्पा करने के हैं निर्देश

# हवा में आयुक्त के निर्देश, मदिरा दुकानों पर नहीं लगे क्यूआर कोड

### जहां लगे वहां न निर्धारित साईज और न निर्धारित जीएसएम क्वालिटी की सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शराब ठेकेदारों द्वारा उपभोक्ताओं को मनमाने रेट पर शराब बेचे जाने के लगातार सामने आ रहे मामलों के बाद आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने पूरे प्रदेश के लिए एक सर्कुलर जारी किया था। सर्कुलर के मुताबिक प्रत्येक मदिरा दुकान पर संबंधित ठेकेदार को कम से कम 5 क्यूआर कोर्ड अपनी वाइन शॉप पर ए-3 साईज के पेपर में चस्पा करने थे।

यह क्यूआर कोड ई-आबकारी पोर्टल द्वारा जनरेट किया हुआ ही लगाना था। इसे स्कैन करते ही उपभोक्ता के मोबाइल पर संबंधित जिले की रेट लिस्ट खुल जाया करती है। कोई भी शराब ठेकेदार यदि निर्धारित एमएसपी से कम या एमआरपी से ज्यादा रेट पर शराब बिक्री करता है उपभोक्ता को मौके पर ही असलियत मालूम हो जाएगी और वो विभाग के टोल-फ्री नंबर पर इसकी शिकायत कर सकता था। आबकारी कमिश्नर के उक्त निर्देशों का राजगढ़ जिले में मखौल उड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, विभाग द्वारा इस साल जिले में कुल 133 मदिरा दुकानों के लिए लायसेंस जारी किए गए। हरिभूमि ने जब राजगढ़, ब्यावरा, खुजनेर, जीरापुर, नरसिंहगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों की कुछ मदिरा दुकानों पर पहुंचकर वस्तुस्थिति जानी तो किसी भी दुकान पर ए-3 साईज के पेपर में क्यूआर कोर्ड दुकान पर चस्पा नहीं मिला। हरिभूमि ने के पास 3 मई से लेकर 5 मई के बीच अलग-अलग दुकानों पर की गई वीडियो रिकार्डिंग मौजूद है जिनमें क्यूआर कोर्ड दर्शित नहीं पाया गया।

#### कुछ दुकानों पर दिखावे के लिए चस्पा

आबकारी कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मदिरा दुकान पर 250 जीएसएम क्वालिटी के ए-3 साईज के पेपर में ये क्यूआर कोर्ड दर्शित होना चाहिए। लेकिन, कुछ दुकानों पर खाना-पूर्ति के लिए ये कोड नजर तो आए लेकिन वे निर्धारित साईज और क्वालिटी के स्टीकर पर नहीं मिले।




#### दबी जुबान में बोले उपभोक्ता

हरिभूमि ने जब अधिकांश मदिरा दुकानों पर एमआरपी से ज्यादा रेट में बेची जा रही शराब के संबंध में कुछ उपभोक्ताओं से बात की तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें उक्त निर्देशों एवं दुकानों पर रेट लिस्ट लगाए जाने के बारे में पता है लेकिन कुछ मर्यादाओं के चलते वे खुलकर शिकायत नहीं कर सकते। अगर निर्धारित से ज्यादा रेट में बेची जा रही शराब को लेकर स्थानीय प्रशासन से लिखित में शिकायत करेंगे तो उन्हें समाज में हेय दृष्टि से देखा जाएगा।

#### मैं दिखवाता हूं

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 4 मई तक 102 दुकानों पर क्यूआर कोड लगवाए जा चुके हैं। एमआरपी से अधिक रेट के 08 एवं एमएसपी से कम रेट का एक प्रकरण बना है। निर्धारित पेपर साईज और क्वालिटी में जहां चस्पा नहीं हैं वो मै दिखवा लेता हूं।

- रितेश लाल, जिला आबकारी अधिकारी, राजगढ़

#### मदिरा दुकानों के लिए यह दिए गए हैं निर्देश

- ई-आबकारी पोर्टल द्वारा जनरेटेड क्यूआर कोर्ड को ए-3 साईज के स्टीकर पेपर पर प्रिंट कराया जाए।
- पेपर न्यूनतम 250 जीएसएम की गुणवत्ता को रखना होगा।
- स्टीकर में ग्लू( गोंद) पर्याप्त गुणवत्ता/ मात्रा का होना चाहिए ताकि वो चिपकने के बाद निकल न सके।
- प्रत्येक मदिरा दुकान के लिए 05 कोर्ड प्रिंट करने होंगे।
- यह कोड दुकान पर ऐसे स्थान पर चस्पा हों जहां से अधिकतम उपभोक्ता उसे स्कैन कर सकें।
- दो कोर्ड सुरक्षित रखें जाएं ताकि पुराने वाले खराब होने पर उन्हें लगाया जा सके।
- यह कोड भी विभाग को ही प्रिंट करवाकर लायसेंसधारी दुकानों को देने थे।

# राजगढ़ से फिर राजस्थान की सीमा में पहुंचा केपी-3 चीता, जांच में जुटा विभाग

### राजस्थान के उमरिया गांव में देखी गई चीते की लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क से भटककर राजगढ़ जिले की सीमा में पहुंचा केपी-3 चीता जीरापुर के रामगढ़ से होकर पुनः राजस्थान राज्य की सीमा में पहुंच गया है। चीते के आसपास ही रहते हुए जीपीएस टेकिंग सिस्टम से निगरानी रख रही टीम को सोमवार रात्रि चीते की लोकेशन जीरापुर के रामगढ़, लखोनी क्षेत्र में मिली थी। इस क्षेत्र से राजस्थान की सीमा करीब 2 किमी के आसपास है। कूनो एवं स्थानीय फारेस्ट अधिकारियों के अनुसार केपी-3 चीता एक बार फिर से राजस्थान सीमा में पहुंच गया है। राजस्थान के उमरिया गांव के नजदीक उसकी लोकेशन मिली है। केपी-3 के राजस्थान पहुंचने पर राजगढ़ जिले की लोकल फॉरेस्ट टीम अब उसके साथ नहीं है पर उसकी लोकेशन की जानकारी लगातार फॉरेस्ट टीम द्वारा ली जा रही है।

#### लोगों में संशय आखिर पकड़ क्यों नहीं लेते

केपी-3 चीते को लेकर आमजन बीते छह दिनों से खासे उत्साहित एवं उत्सुक नजर आ रहे हैं। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि इस चीते को पकड़कर वापस कूनो क्यों नहीं भेजा जा रहा। इस बारे में राजगढ़ डीएफओ ने स्पष्ट किया है कि केपी-3 चीते के दो भाई केपी-1 एवं केपी-2 भी कई महीनों से कूनो से अन्यत्र विचर रहे हैं। तीनों चीतों द्वारा इंसानों को किसी तरह का कोई नुकसान अभी तक नहीं पहुंचाया गया है। विभाग का प्रयास है कि केपी-3 चीता किसी एक वन्य क्षेत्र को अपना स्थाई ठिकाना बने ले। इस कारण से उसे पकड़ा नहीं जा रहा है।

### सूदखोर 10 हजार के मय- ब्याज मांग रहा था 60 हजार

# मामला- सूद खोरी का : कर्ज से परेशान युवक से सूदखोर ने की मारपीट, युवक ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर





समीपस्थ गांव रामगंज के एक किसान द्वारा कथित सूदखोरी ओर मारपीट से परेशान होकर जहर खाने का मामला सामने आया है। मंगलवार को किसान बापूलाल सोंधिया ने जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया, इसके बाद परिजन युवक को गंभीर हालत में खिलचीपुर से विल अस्पताल लेकर पहुंचे, सिविल अस्पताल में डॉक्टर ने नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया।

पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ति के बयान दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया ग्राम रामगंज निवासी किसान बापू लाल सोंधिया ने करीब 2 वर्ष पहले खिलचीपुर के जितेंद्र वर्मा उर्फ जीतू कलाल से दस हज़ार उधार लिए थे। परिजनों ने आरोप लगाया कि सूदखोर द्वारा अत्यधिक ब्याज जोड़कर लगभग 50 हजार रुपए की मांग की जाने लगी जिस वजह से किसान मानसिक रूप से परेशान था वहीं सूदखोर द्वारा बार-बार धमकी दी जा रही थी। सोमवार रात्रि समय सूदखोर जितेंद्र वर्मा और उसके साथी द्वारा पगड़ी से बांधकर किसान बापू लाल के साथ मारपीट की । पीड़ति किसान पुलिस थाना खिलचीपुर में रात्रि को रिपोर्ट दर्ज कराने आया लेकिन रात्रि को दोनों पक्षों में समझौता हो गया। दूसरे दिन सुबह दोबारा सूदखोर द्वारा पीड़ति किसान बापू लाल के साथ कालाजी की बल्डी स्थित घर पर आरोपी द्वारा पुनः मारपीट की गई, जिससे आहत होकर किसान बापू लाल सोधिया ने इंडो सल्फास की गोली खाकर खुद को इस जीवन से मुक्त करने की कोशिश की। खबर लिखे जाने तक सूदखोर से पीड़ति किसान की हालत इलाज दौरान नाजुक बनी हुई थी, पुलिस मामले की पूरी पड़ताल में लगी हुई थी।

# ‘मजबूर’ बीजेपी में और ‘मजबूत’ व्यक्ति कांग्रेस के साथ है खड़ा

### कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में बोले पदाधिकारी



**राजगढ़।** कांग्रेस पार्टी की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं पार्टी जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची विशेष रूप से उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष श्री खिंची ने पार्टी की हालिया गठित जिला स्तरीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को कांग्रेस के संगठन सृजन एवं आगामी 7 मई को होने वाले चक्काजाम कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

बैइक को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मजबूर व्यक्ति भाजपा में जाता है और मजबूत व्यक्ति कांग्रेस पार्टी में आता है। बैठक में गेहूं उपार्जन के संबंध में किसानों से हो रहे छलावे एवं उपार्जन केंद्रों पर कृषकों को आ रही परेशानियों के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। इंका जिलाध्यक्ष ने कहा कि एसआईआर कार्य में भी जिले में गडबड़ी हुई है लेकिन पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पूरी कर्मठता के साथ सामना किया।

#### चक्काजाम कार्यक्रम को लेकर बनाई रणनीति

आगामी 7 मई को होने जा रहे प्रदेशव्यापी चक्काजाम को सात जोन में बांटा गया है। राजगढ़ जिले के इंकाई संयुक्त रूप से शाजापुर, देवास, आगर-मालवा के साथ शाजापुर में चक्काजाम करेंगे। इस दौरान जिले के किसानों की आवाज को बुलंद किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी, पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, कृष्ण मोहन मालवीय, पीसीसी सदस्य रघु परमार सहित जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक, मंडलम, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन महासचिव राधेश्याम सोमतिया ने किया एवं आभार प्रवक्ता एहतेशाम हसन सिद्धकी ने माना।

# सड़क पर अन्नदाता, तोल के नाम पर किसानों का शोषण, जिम्मेदार मौन

**सारंगपुर.** सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए खरीदी केंद्र तो खोले गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत किसानों के लिए परेशानी भरी साबित हो रही है। अपनी उपज बेचने पहुंचे किसानों को लंबी कतारों, स्लॉट बुकिंग की दिक्कतों और तुलाई में गड़बड़ी जैसे कई संकटों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों का आरोप है कि पहले स्लॉट बुकिंग में भारी परेशानी होती है, और जैसे-तैसे स्लॉट मिलने के बाद खरीदी केंद्र पर घंटों लाइन में लगना पड़ता है। जब तुलाई की बारी आती है, तब भी सर्वेयर और केंद्र संचालकों की मनमानी सामने आती है। कई किसानों ने बताया कि तुलाई में कम-ज्यादा कर उन्हें नुकसान पहुंचाया जा रहा है। विरोध करने पर उनकी उपज में खामियां बताकर उन्हें चुप करा दिया जाता है। क्षेत्र के अधिकांश खरीदी केंद्रों पर हालात यह हैं कि किसान दिन-रात वहीं बिताने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में दिन के समय किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे छांव लेकर समय काटते हैं, जबकि रात में अपनी फसल की सुरक्षा के लिए ट्रॉली पर ही सोते हैं। मच्छरों और मौसम की मार के बीच उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। किसानों के बीच यह भी चर्चा है कि खरीदी केंद्र संचालकों से साठगांठ करने वाले किसानों की तुलाई पहले कर दी जाती है, जबकि ईमानदारी से अपनी बारी का इंतजार कर रहे किसानों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। हालांकि कई किसान खुलकर सामने आने से बच रहे हैं।

#### शुरुआती निरीक्षण के बाद बिगड़े हालात

खरीदी केंद्रों के शुभारंभ के दौरान जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे। शुरुआती एक सप्ताह तक व्यवस्था ठीक रही, लेकिन इसके बाद फिर से अव्यवस्थाएं सामने आने लगीं। किसानों का कहना है कि अब केंद्रों पर मनमानी का दौर शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था किसानों को राहत देने के लिए बनाई गई थी, लेकिन वर्तमान हालातों में यही व्यवस्था उनके लिए परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। जरूरत है कि प्रशासन मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन करे और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि अन्नदाताओं को राहत मिल सके।

#### इनका कहना है-

खरीदी केंद्रों पर तुलाई के नाम पर अधिक कटौती या गड़बड़ी की शिकायत मिलती है, तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-सोनू गुप्ता**, सहायक खाद्य अधिकारी एवं नायब तहसीलदार

### पुलिस जांच में जुटी

# नवनिर्मित अस्पताल भवन में नल के सामानों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में लगभग साढ़े तीन करोड़ से अधिक राशि से सिविल अस्पताल भवन का निर्माण हुआ लेकिन आश्चर्य की बात यह की नवनिर्मित भवन में अस्पताल शिफ्ट नहीं हुआ उसके पहले हजारों रूपए का नल से संबंधित सामन अज्ञात चोर चुरा ले गए। जानकारी के मुताबिक भवन में अभी विधुत कनेक्शन नहीं हुआ है जबकि निर्माण एजेंसी द्वारा भवन को स्वास्थ्य विभाग को हैंड ओवर किया जा चुका है। लेकिन सिविल अस्पताल चालू होने से पहले ही नल की टोंटियां चोरी होने की घटना सामने आई है। अस्पताल के बाथरूम से नल की टोंटियां और अन्य सामग्री चोरी कर ली गई इस घटना के बाद, पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में ब्लॉक मेडिकल अधिकारी ने बताया कि वाश बेसिन लैट्रिन एवं बाथरूम की नल की टोंटीयां एवं वाल्व कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया।

बाथरूम 41नल टोंटी ,लेटरिंग वाल 22 , बेसिन वाल18 ,टायलेट वाल05 , बेसिन नल18 चुरा ले गए जिसकी जानकारी भवन में निर्माण कार्य चल रहा उसमें काम कर रहे मजदुर एवं एलकार सिंह नामक व्यक्ति ने दी। चोरी सामान होने की जानकारी 30/4/26 को मिली जिस पर बीएमओ ने मोके पर जाकर देखा तो अज्ञात व्यक्ति के नंगे पैर के निशान भी नजर आयें तथा एक पाना लोहे का पड़ा मिला जिससे ऐसा आभास होता है इसी से अज्ञात चोर ने चोरी की।

## ई-प्रवेश के तहत उच्च शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया जारी, विषय परिवर्तन के लिए एकीकृत परीक्षा अनिवार्य

**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश राज्य के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया इन दिनों ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार अब विद्यार्थियों को विषय परिवर्तन के लिए राज्य स्तरीय एकीकृत परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य किया गया है। जानकारी के अनुसार, 12वीं कक्षा उत्तीर्ण ऐसे विद्यार्थी जो अपने पूर्व संकाय से अलग किसी अन्य संकाय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेना चाहते हैं, तथा स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी जो अपने मेजर या माइनर विषय से अलग विषय में स्नातकोत्तर करना चाहते हैं, उन्हें इस परीक्षा में शामिल होना होगा। यह परीक्षा चलित साक्षात्कार (इंटरव्यू) के आधार पर आयोजित की जाएगी। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजगढ़ जिले में परीक्षा के लिए शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़, ब्यावरा, सारंगपुर, जीरापुर एवं खिलचीपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसी क्रम में शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में यह परीक्षा 5 मई 2026 से 14 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रतिदिन कार्य दिवसों में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगी।

# कुरीति उन्मूलनः यूपी के जोनपुर से राजगढ़ पहुंचा 9 सदस्यीय दल



### युवाओं, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में प्रचलित सामाजिक कुरीतियों को समझने और उनके संवैधानिक प्रभावों का अध्ययन करने के लिए उत्तर प्रदेश के जौनपुर से आए आजाद शिक्षा केंद्र का 09 सदस्यीय दल जिले के दो दिवसीय भ्रमण पर आया है। इस दौरान दल के सदस्यों ने अहिंसा टीम के साथ संवाद करते हुए बाल सगाई, बाल विवाह और झगड़ा-नातरा जैसी कुप्रथाओं की स्थिति को नजदीक से जाना। दल के सदस्यों ने उक्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए प्रशासन एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को समझा। विशेष रूप से गांव-गांव में युवाओं को संवैधानिक मूल्यों से जोड़कर जागरूक करने की पहल शामिल है। संवाद के दौरान यह चर्चा की गई कि किस प्रकार सामाजिक जागरूकता, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से इन कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है।

#### फील्ड विजिट में ग्रामीणों से सीधा संवाद

भ्रमण के दौरान टीम ने विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों और युवाओं से सीधे संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने अपनी समस्याएं और अनुभव साझा किए। वहीं अहिंसा के पीस वॉलेंटियर्स ने अपने कार्यों और सफल प्रयासों के बारे में जानकारी दी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि लगातार प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। पाटरी कलां गांव में युवाओं के साथ विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे किस प्रकार संवैधानिक मूल्यों को अपनाकर समाज में बदलाव लाने की दिशा में काम कर रहे हैं। युवाओं ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने और जागरूकता फैलाने की अपनी भूमिका को भी रेखांकित किया।

# भाजपा की जीत पर मनाई खुशियां



**माचलपुर।** पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडू सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिसके नतीजे सोमवार को घोषित किए गए। जिसमें पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों में भाजपा की जीत पर माचलपुर भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। माचलपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने नगर के पोलखेडा चैराहे पर फटाके चलाकर मिठाई बाट कर अपनी खुशियों का इजहार किया। बंगाल की जीत पर कार्यक्रताओ में अलग ही खुशी देखी गई। इस अवसर पर माचलपुर मंडल अध्यक्ष अमिता मंडलोई, ,अनीता सोनी, मदन पटेल ,राकेश मारू, संजय शर्मा, धीरप सिंह चैहान, कन्हैयालाल वर्मा बलवंत सिंह चैहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ‘अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तब भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा’





**नरसिंहगढ़.** नगर के बजरंग मोहल्ले में चल रही भागवत कथा में चतुर्थ दिवस की कथा के अंतर्गत मालवा के प्रसिद्ध ज्योतिषचार्य एवं कथा वाचक डॉ.सच्चिदानंद जी शर्मा ने राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा का वर्णण किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम एवं कृष्ण का चरित्र हमारे जीवन का आदर्श होना चाहिए, भगवान ने मनुष्य योनि में जन्म लेकर बताया है कि एक मनुष्य कैसा होना चाहिये, मानव धर्म की परिभाषा भगवान ने सिखाई है।

हम जिसको अपना आदर्श मानते है वैसे ही बनने लगे जाते है इसलिए आपके बच्चों के लिए यह नितांत आवश्यक ही कि बाल्यकाल से ही धर्म ओर देशप्रेम की शिक्षा देना चाहिये, जिससे वे भविष्य में महान कार्य करे। श्री कृष्ण जन्म का वर्णन करते हुए पंडित सच्चिदानंद जी शर्मा ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण को वासुदेव जी लेकर गोकुल पहुंच गए।

पंडित श्री शर्मा ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब धरती पर गो माता और सज्जनों की रक्षा हेतु भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। वासुदेव जी बालस्वरूप भगवान कृष्ण को टोकरी में लेकर व्यासपीठ पर आते है जंहा कथावाचक बालकृष्ण के चरणों को अपने मस्तक पर लगाते है। सुंदर झांकी को देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो जाते है। जिसके बाद फूल और गुलाल के साथ होली बनाई गयी।

### शिकायतकर्ताओं के साथ आए बच्चों को दिए बिस्कुट

# पहलः जनसुनवाई में आए बुजुर्गों ने छाछ से तर किए अपने कंठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



भीषण गर्मी और शीतलहर के चलते पूरा जिला हलाकान है। इसके बावजूद प्रशासनिक कार्यक्रम आदि अपने तय शेड्यूल अनुसार संचालित हो रहे हैं। कल मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में दूर-दराज से आए आवेदकों को भीषण गर्मी के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा ठंडी छाछ का वितरण करवाया गया इसके साथ ही फरियादियों के साथ आए बच्चों को बिस्कुट आदि भेंट किए गए। आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी, डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति राजोरे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आने वाले नागरिक विशेषकर बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में भीषण गर्मी के मद्धेनजर यह व्यवस्था उन्हें राहत प्रदान कर रही है। जिला प्रशासन का यह प्रयास न केवल आमजन को गर्मी से राहत देने का कार्य कर रहा है, बल्कि यह सुशासन, प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली एवं नागरिक केंद्रित प्रशासन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। प्रशासन द्वारा जनसुनवाई को अधिक सुविधाजनक, सहज एवं जनहितेषी बनाने के लिए निरंतर ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

#### शिकायतों का मौके पर ही करवाया निराकरण

जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से जुडी समस्या एवं शिकायतों के अनेकों आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने संबंधित विभाग प्रमुखों से मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करवाया। अधिकतर आवेदन पीएम आवास, पेंशन, सहायता आदि मामलों से जुड़े हुए थे।

## खबर संक्षेप

### उर्दू माध्यम के ऑनलाइन आवेदन की तिथि जारी

**सीहोर।** म.प्र. मदरसा बोर्ड द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी (उर्दू माध्यम) परीक्षा आवेदन पत्र आमंत्रित करने की तिथियों का शैक्षणिक कैलेण्डर जारी किया गया है। छात्र स्वयं अथवा अध्ययन केन्द्रों दोनों माध्यमों से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे। छात्रों द्वारा सीधे ऑनलाइन आवेदन करने पर अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी/ मदरसा प्रभारी से ऑनलाइन आवेदन पत्र का सत्यापन कराकर निर्धारित तिथियों में म.प्र. मदरसा बोर्ड को भेजना होगा। क्रेडिट योजनांतर्गत सम्मिलित होने वाले छात्रों को संबंधित मंडल से अंकसूची का सत्यापन कराकर सत्यापन एवं मूल अंकसूची परीक्षा आवेदन के साथ भेजना होगा। स्वयं अंकसूची का सत्यापन न कराने वाले छात्रों को बोर्ड द्वारा निर्धारित सत्यापन शुल्क 1000/-ऑनलाइन/चालान के माध्यम से जमा करना होंगे। शैक्षणिक कैलेण्डर एवं शुल्क संरचना म.प्र. मदरसा बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध है। वेबसाईट पर जाकर विद्यार्थि अपना आवेदन कर सकते है।

### दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनिक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसेबिलिटी (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में प्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

### जिले में जनगणना कार्य प्रगति की संयुक्त निदेशक ने की समीक्षा

# प्रगणकों की कार्यप्रणाली, समस्याओं और चुनौतियों को समझ लक्ष्य प्राप्ति के दिए सुझाव

संयुक्त निदेशक श्री पटेल ने दिए निर्देश, कोई भी मकान सर्वे से छूटे नहीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गृह विभाग जनगणना कार्य निदेशालय के संयुक्त निदेशक राम अवतार पटेल ने सीहोर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर सीहोर जिले में जनगणना 2027 अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के विभिन्न चार्ज क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति, निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध प्राप्त उपलब्धि, प्रगणकों की कार्यप्रणाली तथा फील्ड स्तर पर आ रही समस्याओं एवं चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कार्य में तेजी लाने, शेष लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करने एवं गुणवत्तापूर्ण डाटा संकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि मकान सूचीकरण कार्य में डेटा की शुद्धता एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा सभी प्रविष्टियाँ पूर्णतः सही, स्पष्ट एवं त्रुटि रहित हों।

इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मकान सर्वे से छूटे नहीं तथा किसी भी प्रकार की डुप्लीकेट प्रविष्टि न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य के दौरान फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रभावी पर्यवेक्षण किया जाए। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। साथ ही HLO ऐप में डेटा एंट्री समय पर एवं शुद्धता के साथ अपडेट की जाए, ताकि प्रगति का सही आकलन किया जा सके। बैठक में वर्तमान भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए फील्ड में कार्यरत प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं अन्य अमले के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि फील्ड स्टाफ को पर्याप्त पेयजल, आवश्यक विश्राम, छायादार स्थानों की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें और किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। इसके साथ ही, जनगणना कार्य के दौरान आमजन के साथ शालीन, सौम्य एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

उन्होंने कहा कि नागरिकों का विश्वास अर्जित कर उनसे सही एवं पूर्ण जानकारी प्राप्त करना इस कार्य की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जनगणना का कार्य संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ संपादित हो, जिससे शासन को सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें और भविष्य की योजनाओं के निर्माण में इनका प्रभावी उपयोग किया जा सके। कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं जनगणना प्रभारी जमील खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही जनगणना से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

#### गणना कार्य का किया निरीक्षण

संयुक्त निदेशक श्री पटेल ने सीहोर जिले के ग्राम थूना कला में जनगणना के अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फील्ड में कार्यरत प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया तथा संकलित की जा रही जानकारी की गुणवत्ता एवं शुद्धता का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने प्रगणकों को नागरिकों के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने तथा सभी आवश्यक जानकारी सही तरीके से संकलित करने के निर्देश दिए, जिससे जनगणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# पुनरीक्षण कार्य को लेकर जनपद में दिया प्रशिक्षण

**आयोग के दिशा निर्देशों से कराया अवगत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य निर्वाचन आयोगदरी द्वारा जारी निर्देशानुसार स्थानीय निकायों की निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य हेतु लगाए गए प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण जनपद पंचायत सभा कक्ष आष्टा में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में जनपद पंचायत आष्टा नगर पालिका आष्टा नगर परिषद कोठारी और नगर परिषद जावर के लिए नियुक्त किए गए सभी प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण जनपद पंचायत आष्टा के सभा कक्ष में आयोजित कर उन्हें आयोग के दिशा निर्देशों से विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। आयोग द्वारा 1 जनवरी 2026 के आधार पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 15 मई 2026 से किया जाना है।

इस के लिए नियुक्त प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा निर्धारित दावा आपत्ति केंद्र पर मतदाताओं से फार्म प्राप्त कर उन्हें रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे आपत्ति का निराकरण कर अंतिम मतदाता सूची तैयार की जाएगी। प्रशिक्षण इस कार्य हेतु प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किए गए मास्टर ट्रेनर प्रेम नारायण श्रीवास्तव शिक्षक और दीपक सेन माध्यमिक शिक्षक द्वारा प्रदान किया गया।

### नियमों के उल्लंघन पर पंजीयन होगा निरस्त

**सीहोर।** प्रदेश में खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा प्रदेश भर में 40 ई-चेक गेट प्रारंभ किये गये हैं। इनका संचालन 16 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील के गोपालपुर एवं बुधनी तहसील के गडरियानाला पर ई चेक गेट स्थापित किये गये हैं। ई-चेक गेट के माध्यम से खनिजों जिसमें गिट्टी, मुरम व रेत के परिवहन की निगरानी की जा रही है। इसमें गड़बड़ी होने पर चालानी कार्यवाही भी की जायेगी। जिला खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि यह मानव रहित प्रणाली है जिससे खनिज परिवहन में लगे वाहनों की सतत निगरानी हो सकेगी। इसके तहत परिवहन में लगे वाहनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन टैग लगाना अनिवार्य होगा। यह फ्रंट विंडशील्ड पर लगाया जाएगा। ई-चेक गेट से गुजरते ही वाहन की पूरी जानकारी स्वतः ही सिस्टम में दर्ज हो जायेगी। इससे ओव्हरलोडिंग, नंबर प्लेट छिपाने या अन्य प्रकार की गड़बड़ी पर तत्काल कार्यवाही की जा सकेगी। ई-चेक गेट पर वैरिफोकल कैमरा, ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर, आरएफआईडी रीडर जैसे आधुनिक उपकरण लगाये जायेंगे, जो वाहन संख्या, खनिज की मात्रा और वजन का स्वतः मिलान करेंगे। यदि ई-ट्रांजिट पास में दर्ज जानकारी और वास्तविक परिवहन में अंतर पाया गया तो संबंधित वाहन मालिक पर ऑनलाईन ही कार्यवाही की जाएगी। जिले में वर्तमान में दो ई-चेक गेट स्थापित किए गए हैं। आगामी समय में बिलकिसगंज, से आष्टा, श्यामपुर एवं झागरिया में भी स्थापित किए जाएंगे।

### जिले में ज्ञान भारतम मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान प्रारंभ

**सीहोर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित "ज्ञान भारतम मिशन" के अंतर्गत देशव्यापी पांडुलिपि सर्वेक्षण, सूचीकरण एवं डिजिटलीकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सीहोर जिले में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह विशेष अभियान 15 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में उपलब्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की पांडुलिपियों का सर्वे, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य ज्ञान भारतम पोर्टल एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्राचीन पांडुलिपियों का डेटा संकलित कर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखना है। इस अभियान की विशेष बात यह है कि ज्ञान भारतम एप के माध्यम से कोई भी नागरिक, संस्था, मंदिर, आश्रम, पुस्तकालय, शिक्षण संस्थान अथवा निजी संग्रहकर्ता स्वयं अपनी पांडुलिपियों का सर्वे कर सकता है। नागरिक मोबाइल ऐप के माध्यम से पांडुलिपियों की जानकारी, फोटो एवं आवश्यक विवरण अपलोड कर सीधे अभियान से जुड़ सकते हैं। इससे आमजन की भागीदारी सुनिश्चित होगी तथा अधिक से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियों की जानकारी एकत्रित की जा सकेगी। जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर बालागुरू के. को अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य तथा जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक को समिति का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

### मेंटेनेंस कार्य के कारण आज चांदबढ़ फीडर पर बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**सीहोर।** प्री-मानसून मेंटेनेंस कार्य के अंतर्गत 07 मई को सीहोर के चांदबढ़ स्थित 33 केवी फीडर पर सुधार एवं रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इस कारण 07 मई को प्रातः आठ बजे से दोपहर 11.30 बजे तक इस फीडर से विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इस फीडर से जुड़े उच्चदाब उपभोक्ता ट्रेड किंग एवं जमुनिया तालाब की भी सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान बिजली कंपनी के कर्मचारी आवश्यक सुधार कार्य करेंगे। इस दौरान कार्य अनुसार कटौती के समय में बदलाव भी हो सकता है।

# हनुमान फाटक धाम पर चली पोकलेन तो हाथी घाट पर सीवन योद्धा ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मंगलवार का दिन ऐतिहासिक रह, ऑपरेशन सीवन के तहत हाथी घाट पर मिशन दिनभर चलता रहा वहां पर जलकुंभी के साथ वह कचरा जो सीवन नदी को गंदा कर रहा था उसे हटा दिया गया। वही नगर पालिका परिषद द्वारा पोकलेन व डंपर जो की हनुमान फाटक धाम पर चल रहे हैं, उसमें सिवान पुत्र पूरी तरह से कंधे से गंदा मिलकर साथ दे रहे हैं।

सुबह से लेकर शाम तक राजकुमार भूरा भाई सिवान पुत्र वहां पर उपस्थित रहे साथ में प्रदीप चढ़ा वैभव राठौर जगदीश वर्मा कैलाश चौहान लक्ष्मण चौक से कनीराम मालवीय दीपक बाथम दीपक राठौड़ उपस्थित रहे। शाम 5:00 बजे हाथी घाट पर सिवान योद्धाओं का स्वागत व सम्मान समाजसेवी सुनील राय वह उनकी टीम द्वारा किया गया इस दौरान सुनील राय ने कहा कि सिवान की हालत वाकई में बहुत खराब है और इसका जल श्रद्धालु सेवन कर रहे हैं यह धार्मिक दृष्टि से भी गलत है वह स्वास्थ्य के हिसाब से भी गलत है। सिवान पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया है कि मेरी जीवन मेरा संकल्प अभियान लगातार तब तक चलता रहेगा तब तक की मूल स्वरूप में जीवन नहीं आ जाती जब तक की जल भगवान पर चढ़ने लायक नहीं हो जाता। इस अवसर पर अशोक नामदेव, अमित तिवारी, लक्ष्मण चौकसे, दीपक केवट सुरेश भगत, कनीराम मालवीय, जगदीश कुमार वर्मा, राजकुमार सोनी प्रकाश यादव, वैभव राठौर, मुकेश राय, प्रदीप चावड़ा, जितेंद्र कौशल, दीपक दलोदिया, सुधीर सोनी, अथर्व चावड़ा, समीक्षा केवट, कमल केवट, श्याम केवट, सूरज बाथम, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे ।

### जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 10 को

**देवास।** जिला तैराकी संघ द्वारा 26वीं जिला स्तरीय ओपन तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 10 मई, रविवार को प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर स्थित वीर सावरकर तरण पुष्कर में किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर जिले के तैराकों में उत्साह का माहौल है। संघ सचिव ओ.पी. जगावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक सभी खिलाड़ियों को 9 मई तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन कराना होगा।

### सम्मान समारोह आयोजित कर दी विदाई

**चापडा।** नगर करनावद में पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं आहरण सवितरण अधिकारी तथा शासकीय उमावि करनावद के प्राचार्य नारायण भंडोले की सेवानिवृत्ति पर करनावद में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एच एल खुशाल. पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारतीय, सहायक संचालक सोनकच्छ सी. एल. पेठारी. इंदौर के विकासखंड एवं पूर्व प्राचार्य मनोज खोपकर आदि मौजूद थे।

# लुटेरी दुल्हन संबंध के प्रकरण में बरोठा पुलिस ने 2 आरोपियों को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एसपी पुनीत गेहलोद के द्वारा 360 - पुलिसिंग के अन्तर्गत अपराधों में संलिप्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । इसी क्रम में 17 मार्च को फरियादी राहुल पिता श्यामसिंह पंवार उम्र 32 साल निवासी ग्राम बरखेड़ा कोतापाई ने थाना बरोठा आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि दलाल द्वारा पैसे लेकर फरियादी की शादी पुजा नामक महिला से करवाई गई थी । शादी के कुछ दिन बाद ही दुल्हन भी फरार हो गई एवं जिन्होने शादी करवाई उनका भी कोई पता नही चल रहा है । फरियादी की रिपोर्ट पर से दुल्हन पुजा सहित दलाल व अन्य आरोपियों के विरूद्ध थाना बरोठा देवास पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (एल-आर) बबिता बामनिया के निर्देशन में थाना प्रभारी बरोठा श्रीमती सविता सिंह जाटव के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। विशेष पुलिस के द्वारा विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोप रोहित पिता अप्पु सेठी उम्र 23 साल निवासी तल पिंपरी छत्रपति सम्भाजी नगर थाना बालुज महाराष्ट्र, सुनिता पति विनोद पंवार उम्र 36 साल निवासी संगमनेर श्रीराम नगर थाना संगम नगर जिला अहिल्या नगर महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया जाकर उनसे अन्य आरोपी के संबंध में पुछताछ की जा रही है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक सविता सिंह, सउनि हरिश कुमार,सउनि शारदा ठाकुर,प्रआर राजेश लुवानिया, तेजसिंह सिन्हा, आर विजेन्द्र सिसोदिया, मआर देवप्रभा तिवारी, आर अजयपाल सिंह, सैनिक शेखर एवं सायबर सेल देवास से प्रभारी सायबर सेल देवास शिवप्रताप सिंह सेंगर,प्रआर सचिन चौहान का विशेष योगदान रहा।

